website : www.grpgcrampur.com E-mail : grpg.rmp@gmail.com

# न्यूज़ बुलेटिन

सत्र 2022–23 | अंक : 5 | 01 जुलाई – 31 दिसम्बर 2022

## राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उ०प्र०

स्थापना वर्ष :1949

(सम्बद्ध : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उ.प्र.)

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक)द्वारा (तृतीय चक्र) 'बी' ग्रेड प्रदत्त

### प्राचार्य की कलम से...



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर जनपद में महाविद्यालीय शिक्षा का ध्वजवाहक है। इसी कारण से यह प्रदेश का सिरमौर बना हुआ है। विद्यार्थी अपनी क्षमताओं को पहचान कर अपने भविष्य का मार्ग तय करें। विद्यार्थियों की हर कठिनाईयों का समाधान करने के लिए महाविद्यालय हमेशा तत्पर रहता है। विद्यार्थी अपनी क्षमताओं को पहचाने और हमेशा अपनी सीमित सोच को विस्तीर्ण करें। दायरे के भीतर रहने के बजाऐ दायरे से बाहर निकलें और देखें कि आपकी नई सोच आपके लिए संभावनाओं के नये द्वारा खोल देती है। हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों की क्षमताओं को उभारने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। आपको अपने भीतर के ज्ञान को उजागर करना होगा। तकनीकी ज्ञान के इस दौर में विद्यार्थी जितनी जल्दी तकनीकी ज्ञान से जुड़ेगा, उतनी ही जल्दी वह वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनेगा। महाविद्यालय न केवल विद्यार्थियों को पारस्परिक ज्ञान उपलब्ध करवाता है बल्कि तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराकर उन्हें वैश्विक चुनौतियों के लिए भी सक्षम बनाता है।

महाविद्यालय न्यूज बुलेटिन का प्रकाशन महाविद्यालय परिवार के सामूहिक उद्यम का परिणाम हैं। इस सराहनीय प्रयास के लिये मैं न्यूज बुलेटिन के प्रधान सम्पादक डा० अब्दुल लतीफ एवं सम्पादक मण्डल के समस्त सदस्यों को अनेक बधाई एवं शुभकामनाएँ ज्ञापित करती हूँ।

हार्दिक शुभेच्छा के साथ....।

डॉ० दीपा अग्रवाल
प्राचार्य

### स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त 2022)




राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में भारतीय स्वाधीनता के 76 वें पावन पर्व पर प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय परिसर में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों,छात्र–छात्राओं के द्वारा ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सह–समारोहक डॉ० अब्दुल लतीफ द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज के संदेश का वाचन किया गया।इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है।ये पिछले 75 वर्षों में देश के लिये जीवन को खपा देने वाले, राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले और उनके संकल्पों को पूरा करने वाले लोगों के योगदान का स्मरण करने का मौका है। 75 साल की हमारी यह यात्रा अनेक उतार–चढ़ाव से भरी रहीं है।हमारे देशवासियों ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल की है और कभी भी अपने संकल्पों को ओझल होने नहीं दिया है।



इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. एवं रोवर्स–रेंजर्स के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं फूलदार पौधों का भी रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन सह–समारोहक डॉ० अब्दुल लतीफ ने किया।

### पर्यावरण क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम (दिनांक 5 जुलाई 2022)

दिनांक 5 जुलाई 2022 को महाविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधे रोपित किये गये जिसमें सागौन, अमरूद, जामुन, अर्जुन आदि सम्मिलित थे।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण करने का उद्देश्य वनों को बढ़ावा देना, भूनिर्माण और भूमि सुधार हैं। पर्यावरण प्रभारी डा० हितेन्द्र कुमार ने कहा पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखने के लिए वन अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।







## सम्पादक की कलम से...



किसी भी महाविद्यालय का समाचार बुलेटिन उस महाविद्यालय का दर्पण होता है। उसी से महाविद्यालय की सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ साहित्यिक रूचि का भी पता चलता है। महाविद्यालय का समाचार बुलेटिन इस बात का प्रमाण है कि महाविद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है।

शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग दुनिया को बदलने के लिये किया जा सकता है। ये न केवल तथ्यों की सीख है बल्कि सोचने के लिये मन का प्रशिक्षण। शिक्षा का महान उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं बल्कि क्रिया है। हमारा उद्देश्य छात्रों में चरित्र निर्माण और मूल्य प्रदान करना है जो उन्हें राष्ट्र का अच्छा नागरिक और एक अच्छा इन्सान बनने के लिये प्रेरित करता है।

गत जुलाई माह 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अन्दर सिमेट ये न्यूज बुलेटिन आपके हाथों में सौंपते हुये अत्यन्त गर्व और हर्ष से अभिभूत हूँ साथ ही त्रुटियों के लिये क्षमा प्रार्थी भी हूँ। इस न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन पर मैं उन सभी छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं उच्च शिक्षा से जुड़े अधिकारियों और विशेष रूप से महाविद्यालय को आगे ले जाने में सहर्ष समर्पित भाव से प्रयासरत महाविद्यालय की प्राचार्य डा० दीपा अग्रवाल के प्रति मैं हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने समय–समय पर न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन हेतु सम्पादक मण्डल को प्रोत्साहित किया। सम्पादक मण्डल के सदस्यों का मैं हृदय से आभारी हूँ जिनका सहयोग मुझे निरन्तर मिलता रहा।

**डॉ० अब्दुल लतीफ़**
प्रधान संपादक
**मो०: 9219258910**
**ई–मेल** : dr.abdullatif74@gmail.com

## हिन्दी दिवस का आयोजन (दिनांक 14 सितम्बर 2022)



दिनांक 14 सितंबर 2022 को 'राजभाषा हिंदी परिषद हिंदी विभाग' के तत्वावधान में 'हिंदी दिवस' के अवसर पर 'मातृभाषा और संस्कृति विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर बोलते हुये महाविद्यालय की प्राचार्य डा० दीपा अग्रवाल ने कहा कि भाषा से संस्कृति और संस्कृति से भाषा का विकास होता है दोनों एक दूसरे पर निर्भर हैं। इस अवसर पर 'मातृभाषा एवं संस्कृति' विषय पर एक 'भाषण प्रतियोगिता' का भी आयोजन किया गया जिसमें क्रमशः प्रथम स्थान शुऐब अली बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान कु0मनीषा बीए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान अबू सुफियान बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी हिंदी विभाग डा० अरुण कुमार द्वारा किया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। उक्त संगोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र– छात्राओं एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति सराहनीय रही।



## हर घर तिरंगा जागरूकता रैली (दिनांक 14 अगस्त 2022)

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 14 अगस्त 2022 को हर घर तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। हम 15 अगस्त को आजादी का 75वां सालगिरह मानने जा रहे है। इस दिन और साल को यादगार बनने के लिये आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 13 से 15 अगस्त तक देश भर में 20 करोड़ घरों में राष्ट्रीय झण्डा तिरंगा फैलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस के तहत महाविद्यालय में 14 अगस्त 2022 को हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा० दीपा अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।







## बाघ बचाओ दिवस (29 जुलाई 2022)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जन्तु विभाग द्वारा 'बाघ बचाओ' दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाघ हमारा राष्ट्रीय पशु है और हमारे देश की शान है। धीरे–धीरे समय के साथ भारत में बाघों की संख्या कम होती जा रही है। ये सब उनके रहने के वातावरण में छेड़छाड़ के कारण हुआ है। अगर हम यूहीं उनके रहने के आवास से छेड़छाड़ करते रहेगें तो बाघ ऐसे ही लुप्त होते रहेगे और हम अपने राष्ट्रीय पशु को खो देगें। पोस्टर प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज में जागरूकता प्राप्त करने कि हम बाघों को सुरक्षित कर उनके जीवन को संरक्षित करें। सरकार के द्वारा इनके शिकार पर प्रतिबिन्ध लगाना चाहिये साथ ही बाघों के रहने के स्थान जगलों को भी बचाने की आवश्यकता है।




## राष्ट्रीय खेल दिवस (दिनांक 29 अगस्त 2022)

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 117 वें जन्मदिवस की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 100 मीटर धावक प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। जिसमें अनेक छात्र/छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। 100 मीटर फार्रटा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आले हसन, बी.एससी. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान मोहम्मद अज़ीम बी.ए. प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान उबैर बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ० प्रदीप क़ुमार ने आयोजन में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, अतिथियों, मीडियाकर्मी एवं छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया।



**राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैं हॉकी जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस पर आयोजित की गई खेल प्रतियोगिताएं**

**आर एम न्यूज नेटवर्क**

**रामपुर (राय मोर्चा)।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के ११७वें जन्मदिवस की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन महाविद्यालय में किया गया । राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर १०० मीटर धावक प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय में किया गया जिसमे अनेक छत्र छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। १००मीटर फर्राटा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आले हसन बीएससी द्वितीय वर्ष ने, दूसरा स्थान मोहम्मद अजीम बीए प्रथम वर्ष, एवं तीसरा स्थान उबैर बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर अरशद रिजवी ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन मेजर ध्यानचंद की जन्म स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिनको की भारतीय हॉकी का जादूगर कहा जाता है । साथ स्वस्थ तन और मन के लिए खेल की अहमियत को उजागर किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने आयोजन में मोजूद अध्यापकों, अतिथि, मीडियाकर्मी एवं छत्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया



## आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC)



दिनाक 2 अगस्त एवं 28 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता मूल्याकंन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो०(डा०) दीपा अग्रवाल द्वारा की गई। बैठक में आई.क्यू.ए.सी. समिति के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा विचार–विर्मश कर महाविद्यालय के लिये भविष्य का एजेंडा तैयार किया गया। जिसके अन्तर्गत पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय पर विचार हुआ। जिसमें महाविद्यालय के भीतर और बाहर उपलब्ध संसाधनों के विस्तृत प्रकारों का समझना। इसके अतिरिक्त ये सुनिश्चित करना कि संसाधनों को सिखाने के लिये उपयुक्त और प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिये योजना बनाना शामिल रहा। बैठक के अन्त में आई.क्यू.ए.सी. की समन्वयक डॉ० सीमा तेवातिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## महाविद्यालय के गौरव



**तीन प्राध्यापकों को किया प्रोफेसर पद पर पदोन्नत**

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के तीन शिक्षकों को शासन की ओर से प्रोफेसर पदनाम प्रदान किया गया। जिसमें डॉ० एस.एस.यादव, डॉ० अरशद रिज़वी और डॉ० सीमा तेवतिया को शासन की ओर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत किया गया। प्रदेश में यह पहली बार है कि महाविद्यालय के प्राध्यापकों को ये प्रोन्नति प्रदान की गई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल सहित सभी प्राध्यापकों ने महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिये उन्हें बधाई दी।

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती (दिनांक 02 अक्टूबर 2022)






राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 2 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 152 वीं जयंती एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में प्रातः 8:45 बजे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 दीपा अग्रवाल जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्तपश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 दीपा अग्रवाल जी द्वारा सत्य, अंहिसा और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रातः 9:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य दीपा अग्रवाल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अतिथियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।

## भारोत्तोलन एवं बेस्ट फिजिक बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता





महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के द्वारा आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता भारोत्तोलन एवं बेस्ट फिजिक बॉडी बिल्डिंग का आयोजन एस.एन. कॉलेज, चंदौसी में किया गया। जिसमें राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के बी.कॉम तृतीय वर्ष के



राजकीय रज़ा डिग्री कॉलेज के छात्र ने बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

रामपुर(मुजाहिद खान)। महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय बरेली के द्वारा आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता भारोत्तोलन एवं बेस्ट फिजिक बॉडीबिल्डिंग का आयोजन एस एम कॉलेज चंदौसी मे किया गया,जिसमें राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर के बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र शाहबाज खान ने बॉडी बिल्डिंग बेस्ट फिजिक में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया,साथ ही पावर लिफ्टिंग भारोत्तोलन प्रतियोगिता मे फाजिल खान बीए तृतीय वर्ष ने दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दीपा अग्रवाल ने दोनों ही छात्रों की उपलब्धि पर बधाई दी एवं मिठाई खिलाकर विजेता छात्रों का उत्साह वर्धन किया।इस अवसर पर पूर्व मे आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे भी महाविद्यालय की छात्रा दीपा बीए द्वितीय वर्ष ने बरेली में आयोजित 1500 मीटर की दौड में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं 5000 मीटर की रेस मे द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया था।खिलाड़ियो के उत्साह वर्धन के लिए प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय प्रांगण में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर से और महाविद्यालय स्तर से प्रयास किए जा रहे है जिसका प्रभाव छात्रों की उपलब्धि में नजर आ रहा है। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार,डॉ प्रवेश कुमार,डॉ सोमेंद्र सिंह,डॉ राजू,डॉ अरुण कुमार,डॉ लतीफ,पियूष कुमार आदि स्टाफ ने विजेता छात्रों को बधाई दी।

छात्र शाहबाज खान ने बॉडी बिल्डिंग बेस्ट फिजिक में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साथ ही पावर लिफ्टिंग भारोत्तोलन प्रतियोगिता में फाजिल खान ने द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल ने दोनों छात्रों की उपलब्धि पर बधाई दी।

## वीरबाल दिवस का आयोजन



राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर में केंद्र सरकार के निर्देशानुसार श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के युवा साहिबजादों की शहादत को याद करने के लिए 26 दिसंबर को बीरबाल दिवस का आयोजन किया गया। वीरबाल दिवस पर मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० मोहम्मद नासिर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के छोटे साहबजादे बाबा जोरावर सिंह और ,बाबा फतेह सिंह के असाधारण साहस और बलिदान को याद करते हुए भारत सरकार ने 26 दिसंबर का दिन देश–विदेश में वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) दीपा अग्रवाल जी ने कहा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के बेटे, साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादे धर्म के लिए शहीद हो गए। लेकिन उनकी बहादुरी के किस्से बहुत कम लोग जानते हैं। उन्होंने कहा इतिहास में ऐसी अनेक घटनाएं भरी पड़ी है। हमें चाहिए कि हम इतिहास को पढ़े और सच्चाई को जाने। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय डॉ सैयद मोहम्मद अरशद रिजवी ने किया एवं रिपोर्ट का संकलन डॉ अब्दुल लतीफ ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ,साथ ही छात्र–छात्राओं की उपस्थिति भी सराहनीय रही।


**संरक्षक/प्राचार्य**
**डॉ० दीपा अग्रवाल**

**प्रधान सम्पादक**
**डॉ० अब्दुल लतीफ़**

**सम्पादक मण्डल**
**डॉ० ज़ेबी नाज़, डॉ० राजकुमार, डॉ० उपदेश छिम्बाल**
**डॉ० इरम नईम, डॉ साक्षी त्यागी, डॉ० प्रशान्त द्विवेदी**




शंकर प्रेस, रामपुर मो0:9412251355